
# <u>जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।</u>

**<u>मासिक आख्या– मार्च, 2021</u>**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2021** **दिनांक – 02 अप्रैल, 2021**

**<u>दिनांक 03.03.2021 को लगभग सांय 6:00 बजे जोशियाडा मोटर पुल के निकट एक बाइक</u>** सवार द्वारा ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान ट्रक से टकराकर घायल हुआ उक्त सूचना प्राप्त होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस को घटना की जानकारी दे कर रवाना किया गया तथा उक्त बाईक सवार को गम्भीर अवस्थ में एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु जिला चिकित्यालय लाया गया जहॉ उपचार के दौरान उक्त व्यक्ति की मृत्यु हो गयी।

**<u>जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, द्वारा खोज–बचाव कार्यों हेतु क्रय ड्रोन कैमरा के संचालन का प्रशिक्षण</u>** दिनांक 23.02.2021 को दिया गया। उक्त ड्रोन परीक्षण एस0डी0आर0एफ0 ड्रोन संचालक सदस्य द्वारा किया गया है तथा इसके अतिरिक्त प्राशिक्षण सूचना प्रौद्योगिकी भवन देहरादून में ड्रोन संचालक प्रशिक्षण में जनपद से 02 सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।










**दिनांक 09.03.2021 को समय लगभग साय 4:30 बजे तहसील डुण्ड़ा अन्तर्गत लम्बगॉव धौन्तरी मोटर मार्ग पर एक** जे0सी0बी0 वाहन ग्राम फोल्ड मध्ये ओयाली भराडीधार तोक के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग एंव क्यू0आर0टी0 टीम को घटना की जानकारी दी गयी एंव घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। उक्त घटना में वाहन चालक कि घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी एंव 01 घायल एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्यालय लाया गया ।






जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के समस्त कार्मिकों द्वारा कोविड–19 का द्वितीय टीका लगवाया गया है।



<u>जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा मास्टर ट्रेनर खोज–बचाव एवं क्यू0आर0टी0 टीम के सहायोग से दिनांक</u> 10.03.2021 राजकिय कीर्ति इंटर कॉलेज में छात्र–छात्राओं एवं विद्यालय में कार्यरत कार्मिकों आपदा से बचाव सम्बन्धी जानकारी/जागरूकता एवं खोज–बचाव का प्रशिक्षण एंव उपकरणो के बारे में जानकारी दी गयी। जिसमे आपदा के दौरान किसी भी अप्रिया घटना और दुर्घटना होने पर किस प्रकार से बचाव किया जा सकें।









**दिनांक 16.03..2021 को समय लगभग रात्रि 8:00 बजे तहसील डुण्डा के** अन्तर्गत स्थान कल्याणी के पास एक छोटा टैम्पों (छोटा हाथी) वाहन संख्या–यू0के010सी0ए0 0449 अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर खाई में गिरकर दूर्घटनाग्रस्त हुआ। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी। जिसमें वाहन चालक ही सवार था जिसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी जिसे पुलिस तथा राजस्व विभाग द्वारा प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्रह्राखाल में लाया गया।



**दिनांक 17.03.2021 को कोर्ट रोड नियर नगर पालिका परिषद नीरु चंदोक, राजेन्द्र चंदोक के मकान पर आग** लगने की सूचना जपनद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त हुयी। कन्ट्रोल रूम द्वारा उक्त सूचना से तत्काल अग्निशमन, 108 सेवा, क्यू0आर0टी0 को अवगत कराया गया एंव उक्त टीमो के द्वारा समय रहते आग पर काबू पाया गया जिसमे किसी प्रकार की जनहानि नही हुयी ।






**दिनांक 17.03.2021 को NIM के समीप के जंगलों में आग की सूचना आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त** हुयी उक्त सूचना से तत्काल वन विभाग स्थित मास्टर कन्ट्रोल रुम एंव रेंज अधिकारी मुखोम को अवगत कराया गया एंव वन विभाग की टीम के द्वारा आग पर काबू पाया गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त वनाग्नि नियंत्रण तक मॉनिटिरिंग की गयी।





**दिनांक 18.03.2021 को दिलसौड के जंगलों में आग लगने की सूचना प्राप्त हेते ही जनपद आपातकालीन परिचालन** केन्द्र द्वारा वन विभाग के रेंज अधिकारी मुखोम को सूचित किया गया वन विभाग की टीम द्वारा आग को कन्ट्रेल किया गया।





दिनंक 021 को समय लगभग दोपहर 02:30 बजे तहसील भटवाडी अन्तर्गत बायणा–डिडसारी मोटर मार्ग के नीचे समीप बनी झील में नहाते समय 01 बच्चे की डूबने के कारण लापता होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त हुयी उक्त सूचना से उपजिलाधिकारी भटवाडी, एस0डी0आर0एफ0, पुलिस, राजस्व टीम को अवगत करा खोज–बीन कार्य प्रारम्भ किया गया। रात्रि होने के कारण लापता बच्चे को नही खोजा जा सका तथा उक्त टीमों द्वारा खोज–बीन कार्य रोका गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा लापता बच्चे की खोज–बीन हेतु एस0डी0आर0एफ0 गोताखोर पुलिस टीम टिहरी गढ़वाल से समन्वय स्थापित कर तैनात की गयी। उक्त गोताखोर टीम द्वारा दिनांक 19.03.2021 करे बच्चे का शव बरामत कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।










**दिनांक 19.03.2021 को ज्ञानसू टैक्सी यूनियन के समीप ऊपर जंगलों मे आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही** जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा वन विभाग, फायर सर्विस एंव क्यू0आर0टी0 टीम को उक्त स्थान के लिए रवाना किया गया।










**दिनांक 20.03.2021 को दिलसौड पोखरी के जंगल में आग लगने की सूचना प्राप्त हेते ही जनपद आपातकालीन** परिचालन केन्द्र द्वारा वन विभाग को सूचिना से अवगत कराया गया वन विभाग की टीम द्वारा आग पर काबू पाया गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त वनाग्नि नियंत्रण तक मॉनिटिरिंग की गयी।





**दिनांक 21.03.2021 को धौन्तरी के जंगल में आग लगने की सूचना जनपद आपातकालनी परिचालन केन्द्र के प्राप्त** हुयी कन्ट्रेल रुम द्वारा मुखेम रेंज अधिकारी को सूचना से अवगत कराया गया है तथा वन विभाग की 7 सदस्यों की टीम के द्वारा आग पर काबू पया गया।





जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा मास्टर ट्रेनर खोज–बचाव एवं क्यू0आर0टी0 टीम के सहयोग से दिनांक 23.03.2021 राजकीय माध्यमिक विद्यालय नागथलीमणी चिन्यालीसौड में आपदा से निपटने के लिए छात्र–छात्राओ को एक दिवसीय खोज–बचाव एंव प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण एंव आपदा से सम्बन्धित उपकरणो की जानकारी दी गयी। जिसमे आपदा के दौरान किसी भी अप्रिया घटना और दुर्घटना होने पर किस प्रकार से बचाव किया जा सकें।








दिनांक **26.03.2021 को दिलसौड के के जंगलों में आग लगने की सूचना प्राप्त हेते ही जनपद आपातकालीन** परिचालन केन्द्र द्वारा वन विभाग के रेंज अधिकारी मुखोम को सूचित किया गया वन विभाग की टीम द्वारा आग को नियंत्रण किया गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त वनाग्नि नियंत्रण तक मॉनिटिरिंग की गयी।




**दिनांक 28.03.2021 को कुटेटी देवी मान्दिर के समीप कें जंगलो मे आग लगने की सूचना प्राप्त हुयी जनपद** आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा रेंज अधिकारी को सूचित कर उक्म स्थान के लिए रवाना किया गया वन विभाग की टीम द्वारा आग पर काबू पाया गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त वनाग्नि नियंत्रण तक मॉनिटिरिंग की गयी।




**दिनांक 29.03.2021 की रात्री को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग खरादी के पास** चट्टान गिरने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारु करवाया गया।



**दिनांक 30.03.2021 को बोंगा गांव के समीप के जंगल मे आग लगी थी आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा रेंज** अधिकारी को सूचना से अवगत कराया गया वन विभाग की टीम के द्वारा आग पर काबू पाया गया।





इसके अतिरिक्त लोक सभा निर्वाचन–2019, आदि कार्य, समय–समय पर अन्य यात्रा/वनाग्नि आदि बैठकों में प्रतिभाग करते हुये उच्चाधिकारियो द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया गया है।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>**प्रतिलिपिः–**</u> निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।